।। श्री गणेशाय नमः।।

ॐ श्री कल्कि जगतपते पदमापति रमापते नमः।।

।। ॐ परमात्मा श्री कल्कि सदा सहाय ।।

१. कल्कि सहस्त्रनाम अगस्त्य मुनि द्वारा लिखित अनुपम ग्रंथ ''अगस्त्य संहिता'' से प्राप्त हुआ है।

२. अगस्त्य मुनि श्री विष्णु के अवतारों के प्रवक्ता आचार्य थे।

३. भगवान श्री राम के राज्य अभिषेक में अगस्त्य मुनि सम्मिलित हुए थे।

४. श्री अगस्त्य मुनि के प्रस्ताव पर ही श्री राम ने ८ अश्वमेघ यज्ञ किये थे।

५. स्वर्गीय आचार्य श्री प्रभाकर मिश्र, जिन्हें उनके जीवन काल में शंकराचार्य की पदवी से सम्मानित किया गया था, जब वह दरभंगा विश्वविद्यालय के कुलपति थे, उन्हें स्वप्न अनुभव में बार-बार एक पुस्तक खोजने के निर्देश मिले।

६. जब आचार्य श्री प्रभाकर मिश्र ने स्वप्न अनुभव में मिले निर्देशों पर काम किया तो उन्हें वहाँ की लाईब्रेरी में ''अगस्त्य संहिता'' मिली जिसमें कल्कि भगवान के हजार नाम लिखे हुए थे।

७. यज्ञ की महत्ता :

१. शास्त्र, पुराणों एवं धर्म ग्रंथों में यज्ञ की सर्वाधिक महत्ता बताई गई है।

२. हवन करने से एक अपूर्व रश्मि बनती है जिससे मनुष्य तेजवान होता है।

३. हवन की आहूतियों से देवी-देवताओं को भक्ष्य मिलता है।

४. हवन में जो मन्त्र बोले जाते हैं और जिनकी आहूतियाँ दी जाती हैं वह उस देवी-देवता तक सीधी पहुँच जाती है।

८. यज्ञ के माध्यम से व्यक्ति का दैवीय शक्तियों से सीधा तारतम्य स्थापित हो जाता है।

९. जब से सृष्टि का निर्माण हुआ है, सृष्टि के विकास के लिये यज्ञ हवन किये गए हैं।

१०. सृष्टि को विनाश से बचाने के लिये स्वयं ब्रह्माजी ने बनारस के दशाश्वमेघ घाट पर दस अश्वमेघ यज्ञ किये थे।

११. राजा बलि ने १०१ अश्वमेघ यज्ञ का संकल्प किया था, यदि यह संकल्प पूरा हो जाता तो वे स्वतः ही इन्द्र की गद्दी के अधिकारी हो जाते, इसलिये भगवान विष्णु ने उनका १०१वाँ यज्ञ रोकने के लिये वामन अवतार लिया।

१२. जाप व कीर्तन से कई गुणा फल हवन का है।

१३. हवन में डाली गई आहूतियाँ देवी-देवताओं को तुरन्त शक्ति प्रदान करती हैं।

१४. त्रेता युग में राजा दशरथ ने यज्ञ के द्वारा ही अग्नि देवता से वह खीर प्राप्त की जिसके फल स्वरूप उन्हें भगवान राम पुत्र रूप में प्राप्त हुए।

१५. दक्ष प्रजापति ने भी सृष्टि पर अपना वर्चस्व स्थापित करने के लिये महान यज्ञ का आयोजन किया था।

१६. राजा द्रुपद ने द्रोण से अपना प्रतिशोध लेने के लिये यज्ञ द्वारा पुत्र और पुत्री प्राप्त किये।

१७. रामायण में बताया गया है कि त्रेता युग से श्रेष्ठ ऋषि-मुनि सर्वाधिक यज्ञों का आयोजन किया करते थे जिससे उन्हें दिव्य शक्तियों की प्राप्ति होती थी।

१८. यज्ञ के द्वारा कोई भी मनोवांछित वस्तु तुरन्त प्राप्त की जा सकती है।

१९. श्री कल्कि वचनामृत (अश्रुत अमृतवाणी) ८३ पृष्ठ पर गुरु जी ने लिखा है- (कल्कि भगवान की सुहावनी..... लीला चल रही है) धर्म के बैरियों का नाश हो रहा है। बड़े-बड़े अजगर हवन कुण्ड में स्वाहा होने के लिए खिंचे चले आ रहे हैं।

२०. त्रेता युग में राक्षस सबसे ज्यादा ऋषियों के यज्ञ से घबराते थे।

२१. चक्रवर्ती सामर्थ्यवान राजाओं ने हमेशा अपने पुण्यों में वृद्धि करने हेतू और अपनी शक्ति प्रदर्शन के लिये बड़े-बड़े यज्ञों का आयोजन किया है।

२२. महाराजा युधिष्ठिर द्वारा किये गए राजसूय यज्ञ के बारे में हम सभी जानते हैं।

२३. आज कल्कि भगवान की अनूठी आलौकिक लीला ने स्वप्न अनुभव द्वारा कल्कि भक्तों को विशेष सुख-समृद्धि देने के लिये हवन का रास्ता बताया है। यह हमारे कल्कि भगवान की महान कृपा का फल है कि वे साधारण भक्त के द्वारा साधारण विधि से किये गए यज्ञ को अपनी अनुमति और समस्त देवी-देवताओं की सहमति प्रदान कर बड़े-बड़े ऋषि-मुनियों द्वारा किये गये यज्ञों का फल प्रदान किया है।

२४. स्वप्न अनुभव द्वारा कल्कि भगवान ने यज्ञ हवन के विशेष फल की बार-बार मोहर लगाई है।

२५. यज्ञ हवन द्वारा कल्कि भगवान की लीला का बहुत तेजी से विस्तार हो रहा है इसके प्रमाणित तथ्य भक्तों को स्वप्न अनुभव द्वारा प्राप्त हुए हैं।

क) कल्कि भगवान का हवन निर्विघ्न सम्पूर्ण करने के लिये कल्कि भक्तों को दैवीय शक्तियों द्वारा सुरक्षा कमांडोस प्रदान होते हैं।

ख) आहूतियों द्वारा शक्ति प्राप्त कर देवी-देवता आशीर्वाद देते हैं।

ग) हवन के द्वारा पुण्यों का बैंक बैलेंस बढ़ता है।

घ) हवन के द्वारा पापों का तेजी से भुगतान पूरा होता है।

ङ) सहस्त्रनाम की गूंज से कलियुग का सिंहासन जोर-जोर से कांपता है।

च) दो कुण्डीय यज्ञ की पूरी विधि स्वप्न अनुभव में आई।

छ) संभल में सहस्त्रनाम यज्ञ स्वप्न अनुभव लीला द्वारा ही शुरू कराया गया।

ज) गंगा महारानी और यमुना महारानी के तट पर सहस्त्रनाम यज्ञ कल्कि जी की लीला ने ही शुरू कराया।

२६. जिन देवी देवताओं नाम का हवन होता है वह देवता प्रसन्न होकर उस व्यक्ति की परेशानी दूर करते हैं व उसके भाग्य का उदय करते है। व्यक्ति की आयु बढ़ती है।

२७. हवन द्वारा ही प्रदूषित जल शुद्ध होकर वर्षा के द्वारा हमें मिलता है। पृथ्वी

माता हमें भोजन के लिए विभिन्न प्रकार के खाद्य पदार्थ देती है। देश और काल में सुधार होता है।

बगलामुखी माँ और कल्कि जी

भगवान श्री कल्कि ने अपने भक्तों को कलियुगी, दुराचारी, अघोरी, तांत्रिक, आसुरी म्लेच्छ शक्तियों के कठोर प्रहारों से बचाने के लिये माँ बगलामुखी (पीताम्बरधारी महाविष्णु की प्रचण्ड महाशक्ति माँ पीताम्बरा) को सक्रिय किया है। अपने भक्तों को विभिन्न तरह से माँ बगला की कृपा और उनके कमान्डोस (सुरक्षा प्रहरियों) द्वारा विशेष सुरक्षा प्राप्त करने के आसान तरीके बताए हैं।

विशेष : (ज्ञानी पंडितों और विद्वानों का तो कहना है कि माँ बगला की आराधना पूजा करने के बहुत कठोर नियम हैं। उनके हिसाब से साधारण गृहस्थ के लिये तो बगलामुखी माता के बीज मंत्र का एक बार जाप करना भी वर्जित है। उनके हिसाब से यदि विधि पूर्वक इसकी पूजा न की जाए तो इसके दुष्परिणाम भी हो सकते हैं।)

वास्तव में कल्कि भक्त तो बगलामुखी माता के बारे में जानते भी नहीं थे। पर कल्कि भक्तों को स्वप्नानुभवों द्वारा बगलामुखी माँ के निमित्त उपचार करने, उनके बीज मंत्र के हवन और जाप करने के निर्देश मिले। कलियुग और राक्षसी शक्तियों के बढ़ते प्रकोप से अपने भक्तों को बचाने के लिये ही भक्तवत्सल्य भगवान श्री कल्कि ने अपनी अनुमति के साथ माँ बगला की सहमति अपने भक्तों को दिलवाई। साधारण भक्त कर्मकांडी पूजा के कठोर विधानों का पालन नहीं कर सकता। अपने भक्तों की इस मजबूरी को समझकर भगवान श्री कल्कि ने दो कुण्डीय यज्ञ का विधान स्वयं मामाजी को स्वप्नानुभव में दिखाया।

स्वप्नानुभव

मुझे दिखा आकाश मार्ग से दो हवन कुण्ड उतर कर नीचे की तरफ आ रहे हैं। मानो स्वयं कल्कि जी ने भक्तों के लिये यह हवन कुण्ड भेजे हैं। फिर एक वाणी सुनाई पड़ती है कि पहले हवन कुण्ड में माँ बगलामुखी के बीज मंत्र की

एक माला का हवन करना है। वाणी अनुभव द्वारा बगलामुखी का बीज मंत्र – *ॐ ह्लीं बगलामुखी सर्व दुष्टानाम् वाचम् मुखम् पदम् स्तंभय जिह्वाम् कीलय बुद्धिं विनाशय ह्लीं ॐ पश्चात स्वाहा स्वाहा* सुनाई पड़ा। फिर संकेत किया गया कि दूसरे हवन कुण्ड में कल्कि जी के मंत्रों से हवन होगा। अद्‌भुत हैं हमारे चमत्कारी श्री कल्कि भगवान जिन्होंने अपने भक्तों को अघोरी, तांत्रिक, षड्‌यंत्रकारी दुष्ट शक्तियों से बचने का रास्ता सुझाया है। जिस प्रकार एक बच्चे के जन्म के पश्चात लगभग ५ वर्ष तक एक नियमित अंतराल पर बच्चे को विभिन्न बीमारियों से बचने के टीके लगाए जाते हैं चाहे उसे बीमारी है या नहीं। उसी प्रकार आज कलि के इस युग में जब हम कलि की क्रूरता का आकलन किये बिना भगवान श्री कल्कि को प्रगट करने की पुकार करते हैं तो ऐसे में कैसे भगवान श्री कल्कि ने अंतर्जगत से भगवान विष्णु की संहारिणी शक्ति माँ बगला का सुरक्षा कवच हमें दो कुण्डीय यज्ञ के द्वारा दिलवाया है जिससे कलियुग के कठोर प्रहारों से हमारी रक्षा हो और राक्षसी शक्तियाँ हम पर कोई अनिष्टकारी प्रहार न कर पाए। हम कोटि-कोटि आभारी हैं माँ पीताम्बरा (माँ बगला) और

भगवान श्री कल्कि के जो माता पिता की तरह अपने भक्तों का जो उनके प्राकट्य प्रचार का कार्य कर रहे हैं उनको सुरक्षा कवच एवं विशेष सुरक्षा प्रदान कर रहे हैं।
नोट : कल्कि भक्तों को व्यक्तिगत रुप से भी अलग-अलग रूप से भी स्वप्नानुभव आए जिसमें उन्हें यह निर्देश मिला है कि उन्हें बगलामुखी माँ के बीज मंत्र का जाप करना है अथवा हवन करना है। उनमें से कई भक्तों के साथ में तो ऐसा भी हुआ जिन्होंने माँ बगलामुखी माँ के बीज मंत्र का पता भी नहीं था उन्हें वह सुनाई पड़ा। और जब उन्होंने अनुभव पैनल मैम्बर से बात की तो यह तो बगलामुखी माँ का बीज मंत्र है और उन्हें यह निर्देश मिला है कि उन्हें इसका हवन व जाप करना चाहिए। जब उस भक्त ने उस मंत्र का जाप व हवन किया तो उसे सच में लगा कि माँ बगला ने उसे बहुत बड़ी परेशानी से बचा दिया है।

हवन करने की विधि

दो हवन कुण्ड तैयार करेंगे। दोनों हवन कुण्ड में थोड़ी-थोड़ी हवन सामग्री डालकर बीच में रुई की गोल बत्ती घी में भिगोकर रख लें। अब उसमें

थोड़ा सा कपूर का चूरा बुरक लें, जल की तीन कटोरी लें। दोनों हवन कुण्ड के साथ एक-एक जल की कटोरी रखें और एक कटोरी आसन के पास रखें। पहले हवन कुण्ड में माँ बगलामुखी के मंत्र से हवन करने के लिये सर्व प्रथम जल की कटोरी घी पात्र (बर्तन) के पास रखकर हवन कुण्ड की अग्नि (माचिस से) प्रज्वलित करते हैं ।

१. चावल का दाना हवन कुण्ड में डालते हुए कहे- ॐ अग्नये नमः अग्नि आवहायामि
२. चावल का दाना हवन कुण्ड में डालते हुए कहे- सम् पुज्यामि
३. बताशा का टुकड़ा हवन कुण्ड में डालते हुए कहे- गणपत्यादि देवताभ्यो नमः
४. दो बूंद जल हवन कुण्ड के बाहर छिडकते हुए कहे - पावकाग्नये नमः

शुरु की आठ आहूतियाँ (नीचे दी गई) स्वाहा तक बोलते हुए हवन की अग्नि में डालें। घी की एक एक बूँद दांए रखी कटोरी के पानी में टपकाएं।

१. ॐ भूः स्वाहा, इदम् अग्नये न मम
२. ॐ भुवः स्वाहा, इदम् वाहवे न मम
३. ॐ स्वः स्वाहा, इदम् सूर्याय न मम

४. ॐ अग्नये स्वाहा, इदम् अग्नये न मम

५. ॐ इन्द्राय स्वाहा, इदम् इन्द्राय न मम

६. ॐ धन्वंतरये स्वाहा, इदम् धन्वंतरये न मम

७. ॐ विश्वेभ्यो देवेभ्यः स्वाहा, इदम् विश्वेभ्यो देवेभ्यो न मम

८. ॐ प्रजापतये स्वाहा, इदम् प्रजापतये न मम

फिर बगलामुखी माँ का बीज मंत्र

ॐ ह्लीं बगलामुखी सर्व दुष्टानाम् वाचम् मुखम् पदम् स्तंभय जिह्वाम् कीलय बुद्धिं विनाशय ह्लीं ॐ स्वाहा स्वाहा (क्योंकि बीजमंत्र के साथ स्वाहा आता है सो हवन करते हुए स्वाहा यहाँ दो बार बोला जावेगा। कोशिश करें कि चाहे किसी भी मंत्र का यज्ञ हो स्वाहा के बाद घी अथवा सामग्री की आहूतियाँ डालें इससे अधिक फल की प्राप्ति होती है) जब एक माला का यज्ञ पूर्ण हो जाए। (यदि किसी कारणवश हवन के बीच में बोलना - मोबाइल अथवा किसी भी जन से) पड़ रहा हो अथवा उठना - किसी भी आवश्यक कार्य हेतु हो तो ऐसा

करने से पहले ५ आहूतियाँ यज्ञ भगवान महाराज की जय कहते हुए (चारों कोनों पर घी की एक बूंद टपकाकर एक बूँद बीच में और कहें मैंने जो जिस भी देवता का यज्ञ किया है उसका फल उसको अर्पण है) ऐसा करने से यज्ञ में हुई जाने अनजाने में कोई भी त्रुटि हो वह क्षमा हो जाती है एवं हवन चालू रहता है तब यज्ञ नारायण की जय बोलकर एक चम्मच घी की धार यह मंत्र बोलते हुए छोड़ें- ॐ अग्नेय स्विष्टकृते (स्वीकार कीजिए) स्वाहा, इदम् अग्नेय स्विष्टकृते न मम्। आसन के बांए वाली जल की कटोरी से हवन को शांत (ठंडा) करने के लिये हवन कुण्ड पर कुछ बूंदे जल की छिड़क दें। अब शांत भाव से पुनः प्रार्थना करें।

हे बगलामुखी माँ हमने आपके बीज मंत्र का यह हवन करा है। हे माँ इसे स्वीकार करें। हे माँ हमें सुखी भाव से अपने परिवार जनों के साथ वैभवता (सुख समृद्धि) पूर्वक जीते हुए राजा रानियों की तरह भगवान श्री कल्कि के प्राकट्य प्रचार का कार्य करना है। कलियुग की जो भी दुराचारी, आसुरी, अघोरी, तांत्रिक, षड़यंत्रकारी शक्तियाँ हम पर प्राणघातक प्रहार कर रही हैं जो हमारे व्यापार को चारों तरफ से कील रही हैं, हमारे बनते कामों को रोक रही हैं और हर

समय हमारा अनिष्ट करना चाहती है उनका स्तंभन (वहीं रोकना) करें। उन्हें वहीं कीलें। उनसे बचने के लिए हमें अपने सुरक्षा प्रहरी (कमांडोज़) प्रदान कीजिए, हमारे दुश्मनों (दृश्य-अदृश्य), आसुरी शक्तियों अथवा जो हमारे खिलाफ तांत्रिक शक्तियों का प्रयोग कर रहे हैं उनकी जिह्वा खींचकर कठोर मुगदर का वार उनके मस्तिष्क पर कीजिए। हमारे प्रति उनकी बुरा करने व सोचने की शक्ति को कहीं और भेजिए। (फिर जो अपनी व्यक्तिगत परेशानी हो वो बोल दीजिए)। हमें रास्ता दीजिए हमें कल्कि जी का काम करना है।

अब पहला हवन कुण्ड सुरक्षित जगह पर रख दें। दूसरा हवन कुण्ड लें। घी का चम्मच नया लें या पहले वाले को धोले।

महर्षि अगस्त्य द्वारा रचित श्री कल्कि सहस्त्रनामावली

विनियोग (मंत्र की पूर्ति का कारक करने से पूरा फल मिलेगा)

श्री कल्कि भगवान के सहस्त्रनाम माला/ पाठ/ महायज्ञ करने से पहले विनियोग पूर्वक जल एवम् तुलसीपत्र छोड़कर माला/ पाठ/ हवन आदि नीचे

लिखे तरीके से करके देखें।

हाथ में जल एवम् तुलसीपत्र लेकर कहें

ॐ अस्य श्री कल्कि दिव्य सहस्त्रनाम स्तोत्र (मंत्रस्य)

श्रीमन्नारायण भगवान् विष्णु देवता श्री अगस्त्य ऋषिः

अनुष्टुप्छन्दः श्री भगवान कल्कि चरणानुराग प्रीत्यर्थे

माला/ पाठे/ हवन आदि (इनमें से वह बोले जो आप कर रहे हैं)

तुलसीपत्र समर्पणे च विनियोगः

हे श्री कल्कि भगवान! गऊ ब्राह्मणों की रक्षा कीजिए, धर्म की रक्षा कीजिए, कलियुग का नाश कीजिए (इसके बाद अपनी मनोकामना- परेशानियाँ दूर करने को कहकर) भगवान के सामने/ चरणों में/ भूमि पर अर्पण करें।

१. चावल का दाना हवन कुण्ड में डालते हुए कहे- ॐ अग्नये नमः अग्नि आवहायामि

२. चावल का दाना हवन कुण्ड में डालते हुए कहे- सम् पुज्यामि

३. बताशा का टुकड़ा हवन कुण्ड में डालते हुए कहे- गणपत्यादि देवताभ्यो नमः

४. दो बूंद जल हवन कुण्ड के बाहर छिडकते हुए कहे - पावकाग्नये नमः

शुरु की आठ आहूतियाँ (नीचे दी गई) स्वाहा तक बोलते हुए हवन की अग्नि में डालें। घी की एक एक बूँद दांए रखी कटोरी के पानी में टपकाएं। नीचे लिखी प्रत्येक आहुति के बाद उसी सुर्वा (चम्मच) से एक बूंद घी दाईं तरफ रखे पात्र में टपकाएं। इस तरह पात्र में सिर्फ आठ बार ही घी की बूंद टपकेगी।

१. ॐ भूः स्वाहा, इदम् अग्नये न मम
२. ॐ भुवः स्वाहा, इदम् वाहवे न मम
३. ॐ स्वः स्वाहा, इदम् सूर्याय न मम
४. ॐ अग्नये स्वाहा, इदम् अग्नये न मम
५. ॐ इन्द्राय स्वाहा, इदम् इन्द्राय न मम
६. ॐ धन्वंतरये स्वाहा, इदम् धन्वंतरये न मम
७. ॐ विश्वेभ्यो देवेभ्यः स्वाहा, इदम् विश्वेभ्यो देवेभ्यो न मम
८. ॐ प्रजापतये स्वाहा, इदम् प्रजापतये न मम

इस पुस्तक में संशोधन के लिए श्रीमती प्रतिभा अग्रवाल का विशेष धन्यवाद



१ ॐ कल्कि भगवते नमः - श्री कल्कि भगवान को नमस्कार
२ ॐ कल्कि म्लेच्छ दल हन्त्रे नमः - म्लेच्छ दल का नाश करने वाले
३ ॐ कल्कि श्री पद्मापतये नमः - पद्मा के पति के लिये
४ ॐ कल्कि श्री रमापतये नमः - रमा के पति के लिये
५ ॐ कल्कि युगावताराय नमः - इस युग के अवतार के लिये
६ ॐ कल्कि निष्कलंकाय नमः - समस्त कलंकों का नाश करने वाले
७ ॐ कल्कि कलिदहनाय नमः - कलियुग को जलाकर राख करने वाले
८ ॐ कल्कि कलि कल्मष नाशाय नमः - कलियुग के पापों को नष्ट करने वाले
९ ॐ कल्कि कलि हृदय विदारणाय नमः - कलियुग के हृदय को चीरने वाले
१० ॐ कल्कि कलि काल कवलाय नमः - कलिकाल को एक ग्रास में खाने वाले
११ ॐ कल्कि कलि जीवनांत-काय नमः - कलिकाल की जिंदगी हरने वाले
१२ ॐ कल्कि कलि कीलकाय नमः - कलिकाल को कीलने वाले
१३ ॐ कल्कि धर्म-विस्ताराय नमः - धर्म का विस्तार करने वाले
१४ ॐ कल्कि कलि-रूप-वधाय नमः - कलि के समस्त रूपों का वध करने वाले

१५ ॐ कल्कि भक्ति-सुलभाय नमः - भक्ति से शीघ्र मिलने वाले
१६ ॐ कल्कि अश्व वाहनाय नमः - घोड़े पर सवार होने वाले
१७ ॐ कल्कि खड्ग धराय नमः - तलवार धारण किये हुए
१८ ॐ कल्कि कलि सर्वनाशाय नमः - सम्पूर्ण कलियुग का नाश करने वाले
१९ ॐ कल्कि ब्रह्मण्य देवाय नमः - ब्राह्मणों के आराध्य
२० ॐ कल्कि गोपालकाय नमः - गौ की रक्षा करने वाले
२१ ॐ कल्कि भक्तजन वल्लभाय नमः - भक्त जनों के परम प्रिय
२२ ॐ कल्कि धर्म-विग्रहाय नमः - धर्म के साक्षात् स्वरूप
२३ ॐ कल्कि असुर-निकन्दनाय नमः - असुरों को रौंदने वाले
२४ ॐ कल्कि विद्याग्र गण्याय नमः - विद्याओं के अग्रणी
२५ ॐ कल्कि राक्षसान्तकाय नमः - राक्षसों का नाश करने वाले
२६ ॐ कल्कि नीलाश्वाय नमः - नीले घोड़े पर चढ़े हुए
२७ ॐ कल्कि सहस्त्राक्षाय नमः - हजारों आँख वाले
२८ ॐ कल्कि पाशांकुश धराय नमः - काल पाश (रस्सी) और अंकुश लिये हुए

२९ ॐ कल्कि सर्वदेव-मयाय नमः - जिनके अन्दर सभी देवता विराजते हैं
३० ॐ कल्कि देवेश्वराय नमः - देवताओं के स्वामी
३१ ॐ कल्कि महावताराय नमः - सब अवतारों में बड़े अवतार
३२ ॐ कल्कि भूमि भार हरणाय नमः - पृथ्वी का भार हरने वाले
३३ ॐ कल्कि सतयुग प्रवर्तकाय नमः - सतयुग को बनाने वाले
३४ ॐ कल्कि सर्व-शक्ति-मते नमः - जो सर्व शक्तिमान है
३५ ॐ कल्कि परम प्रकाशाय नमः - प्रकाशों के प्रकाश
३६ ॐ कल्कि तमो-हराय नमः - अंधेरे और अंधेरगर्दी को दूर करने वाले
३७ ॐ कल्कि राक्षस कुल नाशकाय नमः - राक्षसों के वंश के नाश करने वाले
३८ ॐ कल्कि राक्षस बीज निर्मूलनाय नमः - राक्षसों का बीज खत्म करने वाले
३९ ॐ कल्कि ज्ञानेश्वराय नमः - ज्ञान के मालिक
४० ॐ कल्कि विभूतये नमः - परम ईश्वरीय सत्ता
४१ ॐ कल्कि त्रि-विक्रमाय नमः - तीनों लोकों में पहुँचने वाले
४२ ॐ कल्कि महा-पराक्रमाय नमः - महान पराक्रम वाले

४३ ॐ कल्कि क्रांति-विक्रमाय नमः - विश्व में क्रांति करने वाले
४४ ॐ कल्कि विद्या नाथाय नमः - विद्याओं के नाथ
४५ ॐ कल्कि धरणी-धराय नमः - पृथ्वी को धारण करने वाले
४६ ॐ कल्कि धरा-धराय नमः - धरा (घूमने वाली पृथ्वी) को धारण करने वाले
४७ ॐ कल्कि संत परिपालकाय नमः - संतों के पालन कर्ता
४८ ॐ कल्कि साधु रक्षकाय नमः - साधुओं के रक्षक
४९ ॐ कल्कि सदाचार धारणाय नमः - सदाचार के धारक
५० ॐ कल्कि धर्म-ग्लानि हराय नमः - धर्म की ग्लानि को मिटाने वाले
५१ ॐ कल्कि अधर्म-ध्वंसनाय नमः - अधर्म का नाश करने वाले
५२ ॐ कल्कि विश्व-श्वासाय नमः - विश्व के श्वांस रुप
५३ ॐ कल्कि गुप्त-दुष्ट-वधाय नमः - छिपे दुष्टों का संहार करने वाले
५४ ॐ कल्कि लुप्त-धर्म प्रकाशकाय नमः - लुप्त हो रहे धर्म को जगाने वाले
५५ ॐ कल्कि सनातनाय नमः - अनादि सनातन स्वरूप
५६ ॐ कल्कि शाश्वताय नमः - सर्वदा विद्यमान रहने वाले

५७ ॐ कल्कि आद्याय नमः - सृष्टि के आदि कर्ता
५८ ॐ कल्कि महादेवाय नमः - महान देवता
५९ ॐ कल्कि सुरेशाय नमः - देवताओं के स्वामी
६० ॐ कल्कि सनातन धर्म-प्राणाय नमः - सनातन धर्म के प्राण स्वरूप
६१ ॐ कल्कि महा-प्राणाय नमः - सबके महान जीवन दाता
६२ ॐ कल्कि ज्ञान समुद्राय नमः - ज्ञान के समुद्र
६३ ॐ कल्कि सूर्य-रश्मि-पतये नमः - सूर्य किरणों के स्वामी
६४ ॐ कल्कि बृहस्पतये नमः - गुरु बृहस्पति स्वरूप
६५ ॐ कल्कि सारस्वताय नमः - सरस्वती के प्रवाह स्वरूप
६६ ॐ कल्कि विश्वात्मने नमः - विश्व की आत्मा
६७ ॐ कल्कि जगत प्रर्वतकाय नमः - जगत के जन्म दाता
६८ ॐ कल्कि जगदीश्वराय नमः - जगत के स्वामी
६९ ॐ कल्कि भगवदवताराय नमः - भगवान के अवतार
७० ॐ कल्कि चतुर्विन्शावतराय नमः - २४ अवतारों के स्वरूप

७१ ॐ कल्कि मद-भंजनाय नमः - अहंकार के नाशक
७२ ॐ कल्कि शास्त्र-प्रमाणाय नमः - शास्त्रों के प्रमाण
७३ ॐ कल्कि वेद संरक्षकाय नमः - वेदों के संरक्षक
७४ ॐ कल्कि पथ-प्रदर्शकाय नमः - मार्ग प्रदर्शक
७५ ॐ कल्कि सन्मार्ग-दर्शकाय नमः - सन्मार्ग दिखाने वाले
७६ ॐ कल्कि सन्मार्गाय नमः - स्वयं सत् के मार्ग पर चलने वाले
७७ ॐ कल्कि सत्य प्रकाशाय नमः - सत्य को प्रकाशित करने वाले
७८ ॐ कल्कि पाखण्ड खण्डिने नमः - पाखंड का नाश करने वाले
७९ ॐ कल्कि रजस्तमो विनाशिने नमः - रज, तम को दूर करने वाले
८० ॐ कल्कि ज्ञान-विज्ञान चरणाय नमः - ज्ञान-विज्ञान उनके पैर है
८१ ॐ कल्कि कमल चरणाव्जाय नमः - चरणों से कमल उत्पन्न करने वाले
८२ ॐ कल्कि तिलक विभूषिताय नमः - तिलक से सुशोभित
८३ ॐ कल्कि महिमा मण्डिताय नमः - महिमा से अलंकृत
८४ ॐ कल्कि सृष्टि विधात्रे नमः - सृष्टि का विधान बनाने वाले

८५ ॐ कल्कि विधात्रे नमः - विधाता
८६ ॐ कल्कि ब्रह्मादि महादेवाय नमः - ब्रह्मा आदि के महादेव
८७ ॐ कल्कि विष्णवे नमः - साक्षात विष्णु
८८ ॐ कल्कि महाकालाय नमः - महाकाल स्वरूप
८९ ॐ कल्कि महाविष्णवे नमः - महाविष्णु स्वरूप
९० ॐ कल्कि परमेष्ठिने नमः - सबसे बड़े परम ईष्ट देव
९१ ॐ कल्कि सर्व लोकेश्वराय नमः - सब लोकों के मालिक
९२ ॐ कल्कि प्रभविष्णवे नमः - सर्व समर्थवान
९३ ॐ कल्कि भविष्णवे नमः - सबके भविष्य
९४ ॐ कल्कि महा-प्रलयाय नमः - महाप्रलयकारी
९५ ॐ कल्कि आर्ति-हरणाय नमः - दुःखी के दुखों को हरने वाले
९६ ॐ कल्कि भक्तजन पालकाय नमः - भक्त जनों के रक्षक
९७ ॐ कल्कि मर्यादा पुरुषोत्तमाय नमः - मर्यादा पुरुषोत्तम
९८ ॐ कल्कि अलौकिकाय नमः - लोकों से ऊपर

९९ ॐ कल्कि दिव्य-रूपाय नमः - दिव्य चमत्कारी रूप
१०० ॐ कल्कि दिव्य प्रकृतये नमः - दिव्य प्रकृति वाले
१०१ ॐ कल्कि महाकाशाय नमः - महान आकाश की तरह व्यापक
१०२ ॐ कल्कि आकाश गंगा विहरणाय नमः - आकाश गंगा में विहार करने वाले
१०३ ॐ कल्कि भक्ति लभ्याय नमः - भक्ति से प्राप्त होने वाले
१०४ ॐ कल्कि प्रसादाय नमः - प्रसन्नता के मंगल स्वरूप
१०५ ॐ कल्कि विषाद-हरणाय नमः - उदासीनता के नाशक
१०६ ॐ कल्कि धर्म-स्वरूपाय नमः - धर्म के स्वरूप
१०७ ॐ कल्कि धर्मोत्तमाय नमः - सब धर्मों से उत्तम
१०८ ॐ कल्कि परमोत्तमाय नमः - उत्तमों से उत्तम
१०९ ॐ कल्कि त्रिलोकेश्वराय नमः - तीनों लोकों के स्वामी
११० ॐ कल्कि महा रामाय नमः - श्री राम से भी बड़े
१११ ॐ कल्कि महा केशवाय नमः - श्री कृष्ण से भी बड़े
११२ ॐ कल्कि महा वामनाय नमः - वामन से भी बड़े

११३ ॐ कल्कि महा नृसिंहाय नमः - नृसिंह से भी बड़े
११४ ॐ कल्कि महा कपिलाय नमः - कपिल से भी बड़े
११५ ॐ कल्कि महा शिवाय नमः - शिव से भी बड़े
११६ ॐ कल्कि महा ब्रह्मणे नमः - ब्रह्मा से भी बड़े
११७ ॐ कल्कि सर्व दिग्पालाय नमः - सभी दिशाओं के स्वामी
११८ ॐ कल्कि महाज्योत्यै नमः - ज्योति से भी बड़ी ज्योति
११९ ॐ कल्कि विद्युत् जिह्वाय नमः - बिजली की तरह जीभ वाले
१२० ॐ कल्कि फट्-बीजाक्षराय नमः - फट् बीज मन्त्र वाले
१२१ ॐ कल्कि महाग्नये नमः - अग्नि से भी बड़े
१२२ ॐ कल्कि यज्ञाय नमः - यज्ञ रूप
१२३ ॐ कल्कि महाविकर्षणाय नमः - सबको आकर्षित करने वाले
१२४ ॐ कल्कि खडग सन्धानाय नमः - तलवार चलाने वाले
१२५ ॐ कल्कि धर्मानु-सन्धानाय नमः - धर्म की प्रतिष्ठा करने वाले
१२६ ॐ कल्कि राक्षसान्त कराय नमः - राक्षसों को नष्ट करने वाले

१२७ ॐ कल्कि धर्म-निर्णयाय नमः - धर्म का निर्णय करने वाले
१२८ ॐ कल्कि धर्माधिकारिणे नमः - धर्म के अधिकारी
१२९ ॐ कल्कि धर्म-प्रतिष्ठानाय नमः - धर्म को प्रतिष्ठित करने वाले
१३० ॐ कल्कि धर्म-संस्थापकाय नमः - धर्म के संस्थापक
१३१ ॐ कल्कि धर्म-पारंगाय नमः - धर्म के पार पहुँचने वाले
१३२ ॐ कल्कि धर्म-धुरन्धराय नमः - धर्म के धुरंधर ज्ञाता
१३३ ॐ कल्कि धर्म-जनभाग्याय नमः - धार्मिकों के भाग्य जगाने वाले
१३४ ॐ कल्कि युग परिवर्तनाय नमः - युग परिवर्तन करने वाले
१३५ ॐ कल्कि महाजनाय नमः - सबसे बड़े मानव रूप
१३६ ॐ कल्कि परमेश्वराय नमः - परमात्मा-ईश्वर
१३७ ॐ कल्कि महा झंझावताय नमः - झंझावात (तूफान) के समान
१३८ ॐ कल्कि महोत्पाताय नमः - उत्पातों के उत्पात
१३९ ॐ कल्कि ज्वाला-मुखाय नमः - ज्वालामुखी के समान
१४० ॐ कल्कि विश्व-भूकम्पाय नमः - विश्व में भूकम्प के समान

१४१ ॐ कल्कि ब्रह्माण्ड नायकाय नमः - समस्त ब्रह्माण्ड के नायक
१४२ ॐ कल्कि महोल्का-पाताय नमः - उल्कापात के समान
१४३ ॐ कल्कि दिव्य तुरंगाय नमः - दिव्य घोड़े पर सवार
१४४ ॐ कल्कि जीव जीवनाय नमः - जीवों के जीवन दाता
१४५ ॐ कल्कि नवधा भक्ति साध्याय नमः - नवधा भक्ति से सुलभ
१४६ ॐ कल्कि ज्ञान-गम्याय नमः - ज्ञान से जानने योग्य
१४७ ॐ कल्कि जल तरंगाय नमः - जल की लहरों के समान
१४८ ॐ कल्कि रिपु दमनाय नमः - शत्रुओं का नाश करने वाले
१४९ ॐ कल्कि महा सुरेन्द्राय नमः - इन्द्र के भी इन्द्र देव
१५० ॐ कल्कि शेष-धराय नमः - शेषनाग को धारण करेन वाले
१५१ ॐ कल्कि महा-मृत्युजंयाय नमः - मृत्यु पर विजय प्राप्त करने वाले
१५२ ॐ कल्कि विप्र शरीराय नमः - ब्राह्मण शरीर वाले
१५३ ॐ कल्कि सम्भल जन्मने नमः - सम्भल में प्रगट होने वाले
१५४ ॐ कल्कि आजानु-बाहवे नमः - जिनके हाथ जंघाओं के नीचे तक लम्बे हैं

१५५ ॐ कल्कि प्रलय-स्वरूपाय नमः - प्रलय के स्वरूप
१५६ ॐ कल्कि शत्रु-भयंकराय नमः - शत्रुओं में भय पैदा करने वाले
१५७ ॐ कल्कि अभय-कराय नमः - अभय प्रदान करने वाले
१५८ ॐ कल्कि प्रतिवादि-भयंकराय नमः - विरोधियों के भयदाता
१५९ ॐ कल्कि राक्षस खण्डनाय नमः - राक्षसों को खण्डित करने वाले
१६० ॐ कल्कि शब्द शक्ति विस्फोटाय नमः - शब्द शक्ति के विस्फोटक
१६१ ॐ कल्कि महा-विस्फोटाय नमः - महान विस्फोट करने वाले
१६२ ॐ कल्कि प्रण पालनाय नमः – प्रणों को पूरा करने वाले
१६३ ॐ कल्कि महा गणेशाय नमः - गणेश से भी बड़े
१६४ ॐ कल्कि महा स्वामिने नमः - महान् स्वामी
१६५ ॐ कल्कि पतीनां पतये नमः - पतियों के भी पति
१६६ ॐ कल्कि चेतना चैतन्याय नमः - चेतना को भी चैतन्य करने वाले
१६७ ॐ कल्कि चेतना धानाय नमः - चेतना के आधार (स्तम्भ)
१६८ ॐ कल्कि शर-सन्धानाय नमः - बाण को चलाने वाले

१६९ ॐ कल्कि आग्नेयाय नमः - आग्नेय अस्त्रों को धारण करने वाले
१७० ॐ कल्कि पूर्णात्-पूर्णतमाय नमः - पूर्ण से भी पूर्णतम
१७१ ॐ कल्कि पूर्ण शेषाय नमः - आदि से अन्त तक पूर्ण
१७२ ॐ कल्कि अति-विशिष्टाय नमः - अत्यन्त विशिष्ट
१७३ ॐ कल्कि आकाशो-त्तोलनाय नमः - आकाश को तौलने वाले
१७४ ॐ कल्कि महेश्वराय नमः - महान ईश्वर
१७५ ॐ कल्कि महतो महीयसे नमः - बड़ों के भी बड़े
१७६ ॐ कल्कि ऐश्वयार्य नमः - ऐश्वर्यों को प्रदान करने वाले
१७७ ॐ कल्कि अणोरणीयसे नमः - अणु (कणों) से भी अणु
१७८ ॐ कल्कि महतां-महद्भ्यो नमः - महान महिमा वाले
१७९ ॐ कल्कि ब्रह्म-वर्चसे नमः - ब्रह्म के समान बल वाले
१८० ॐ कल्कि ब्रह्म तेजसे नमः - ब्रह्म के समान तेज वाले
१८१ ॐ कल्कि विद्वत्-जन-पूज्याय नमः - विद्वानों से पूजनीय
१८२ ॐ कल्कि ज्ञानगंगा धराय नमः - ज्ञान के गंगाधर

१८३ ॐ कल्कि महा मंत्राय नमः - महा मंत्र स्वरूप
१८४ ॐ कल्कि महा तंत्राय नमः - महा तंत्र स्वरूप
१८५ ॐ कल्कि महा यंत्राय नमः - महा यंत्र स्वरूप
१८६ ॐ कल्कि महानुष्ठानाय नमः - महानुष्ठान रूप
१८७ ॐ कल्कि असंभवनाय नमः - असंभव को सम्भव करने वाले
१८८ ॐ कल्कि युग-प्रबोधनाय नमः - युग को जगाने वाले
१८९ ॐ कल्कि राक्षस दल संहारिणे नमः - राक्षस दल का संहार करने वाले
१९० ॐ कल्कि भक्तजन विहारिणे नमः - भक्त जनों के साथ रहने वाले
१९१ ॐ कल्कि म्लेच्छ विदारिणे नमः - म्लेच्छों का नाश करने वाले
१९२ ॐ कल्कि शार्दूल विक्रीडिताय नमः - सिंह से खेलने वाले
१९३ ॐ कल्कि महाराजाय नमः - महाराजों के महाराज
१९४ ॐ कल्कि हाहाकार हुंकाराय नमः - हाहाकार के हुंकार स्वरूप
१९५ ॐ कल्कि काल कालेश्वराय नमः - काल के भी महाकाल
१९६ ॐ कल्कि धूम धूम दहनाय नमः - धूं धूं कर जलाने वाले

१९७ ॐ कल्कि महाकाली-शक्ति ग्रहणाय नमः - महाकाली की शक्ति को ग्रहण करने वाले

१९८ ॐ कल्कि देवशक्ति ग्रहणाय नमः - देवताओं की शक्तियों को ग्रहण करने वाले

१९९ ॐ कल्कि परशुराम-शक्तिधराय नमः - परशुराम की शक्ति को धारण करने वाले

२०० ॐ कल्कि वज्रांग शक्तये नमः - हनुमानजी की शक्ति को धारण करने वाले

२०१ ॐ कल्कि नीला-भाय नमः - नील अंग वाले

२०२ ॐ कल्कि लीलाधराय नमः - अनेक लीला चरित्र दिखाने वाले

२०३ ॐ कल्कि यज्ञ धराय नमः - यज्ञों को धारण करने वाले

२०४ ॐ कल्कि प्रलय कराय नमः - प्रलय कर देने वाले

२०५ ॐ कल्कि शंख गर्जनाय नमः - शंख की ध्वनि करने वाले

२०६ ॐ कल्कि प्रलय कालीन दर्शनाय नमः - प्रलयकाल की तरह दर्शन देने वाले

२०७ ॐ कल्कि भक्तजन सुखाय नमः - भक्त जनों को सुख देने वाले

२०८ ॐ कल्कि युग प्रज्वलनाय नमः - पूरा युग जलाने की क्षमता रखने वाले

२०९ ॐ कल्कि डिमडिम नादाय नमः - धर्म की दुन्दुभि बजाने वाले

२१० ॐ कल्कि अं अं अमृत कलशाय नमः – अमृत कलश को धारण करने वाले
२११ ॐ कल्कि ईं ईं ईशावास्याय नमः – विश्व ही जिनका वास है
२१२ ॐ कल्कि उं उं ओंकारेश्वराय नमः – ओंकार के ईश्वर
२१३ ॐ कल्कि ऐं ऐं ओंकार स्वरूपाय नमः – ओंकार स्वरूप
२१४ ॐ कल्कि ओं ओं उद्भट कवचाय नमः – अभेद्य कवच धारण करने वाले
२१५ ॐ कल्कि कं कं कालाति-क्रमणाय नमः – समय के दास नहीं
२१६ ॐ कल्कि खं खं खलदल दलनाय नमः – दुष्टों के दल का नाश करने वाले
२१७ ॐ कल्कि गं गं गंगाजल पावनाय नमः – गंगाजल को भी पवित्र करने वाले
२१८ ॐ कल्कि घं घं घंटा निनादाय नमः – घंटा ध्वनि के समान स्वर वाले
२१९ ॐ कल्कि चं चं चांडाल हन्त्रे नमः – चाण्डालों को मारने वाले
२२० ॐ कल्कि छं छं कल्कि ताण्डवाय नमः – कल्कि ताण्डव करने वाले
२२१ ॐ कल्कि जं जं जम्बूद्विपाधिपाय नमः – जम्बूद्वीप के अधिष्ठाता
२२२ ॐ कल्कि झं झं रणझंकाराय नमः – संग्राम में झंकार करने वाले
२२३ ॐ कल्कि तं तं तनु सहस्त्रांशवे नमः – शरीर से हजारों किरणे निकालने वाले

२२४ ॐ कल्कि थं थं पुन-रुत्थानाय नमः - पुनः निर्माण करने वाले
२२५ ॐ कल्कि दं दं अरि-दमनाय नमः - शत्रुओं का दमन करने वाले
२२६ ॐ कल्कि धं धं मूर्धन्याय नमः - सबके मस्तक पर विराजमान
२२७ ॐ कल्कि नं नं नमस्काराय नमः - नमस्कार के योग्य
२२८ ॐ कल्कि टं टं शत्रूणां-प्रहाराय नमः - शत्रुओं पर प्रहार करने वाले
२२९ ॐ कल्कि ठं ठं दिव्य खड्गायुधाय नमः - दिव्य खड़ग शस्त्र धारी
२३० ॐ कल्कि डं डं यमदण्डाय नमः - यमराज का डंडा लिये हुए
२३१ ॐ कल्कि ढं ढं राक्षस यमनाय नमः - राक्षसों के नियंत्रक (नियंता)
२३२ ॐ कल्कि पं पं भयानकाय नमः - भयों को भय देने वाले
२३३ ॐ कल्कि फं फं शेष फूत्काराय नमः - शेषनाग की तरह फुंकार करने वाले
२३४ ॐ कल्कि बं बं बिरंचि-रुपाय नमः - विश्व का नक्शा अपने में संजोकर रखने वाले
२३५ ॐ कल्कि भं भं कालानलाय नमः - कालानल अग्नि के समान तेजस्वी
२३६ ॐ कल्कि मं मं मशकी-कृत-दानवाय नमः - दानवों को मच्छर की तरह मसल देने वाले

२३७ ॐ कल्कि यं यं-अधर्म यामिनी सूर्याय नमः - अधर्म की रात को हटाकर प्रकाश देने वाले सूर्य

२३८ ॐ कल्कि रं रं राक्षस-कुल कालाय नमः - राक्षस वंश के लिये मृत्यु समान

२३९ ॐ कल्कि लं लं प्रलम्ब-शरीराय नमः - बहुत लम्बे शरीर वाले

२४० ॐ कल्कि वं वं महादावानलाय नमः - विश्व में अग्नि के समान प्रकाशित

२४१ ॐ कल्कि शं शं भक्त-जन-शान्ति कराय नमः - भक्तजनों को शांति देने वाले

२४२ ॐ कल्कि सं सं समुद्र पर्यन्त प्रभावाय नमः - सभी समुद्रों तक प्रभाव दिखाने वाले

२४३ ॐ कल्कि षं षं षट चक्र भेदन महायोगाय नमः - सहस्त्रार आदि आठ चक्र एवं कुण्डलिनी तक खोल देने वाले

२४४ ॐ कल्कि हं हं अट्टहासाय नमः - अट्टाहास करने वाले

२४५ ॐ कल्कि क्षं क्षं क्षण-क्षण-दुष्टनाशन तत्पराय नमः - क्षण क्षण में दुष्टों का नाश करने के लिये तत्पर रहनेवाले

२४६ ॐ कल्कि त्रं त्रं अधर्म-गल त्रोटकाय नमः - अधर्म का गला तोड़ देने वाले

२४७ ॐ कल्कि ज्ञं ज्ञं ज्ञानि-जन हर्षदाय नमः - ज्ञानी जनों को प्रसन्नता देने वाले
२४८ ॐ कल्कि ऐं ऐं महातीर्थाय नमः - सबसे बड़े तीर्थ के समान
२४९ ॐ कल्कि ह्रीं ह्रीं संकट हरणाय नमः - सभी संकटों को दूर करने वाले
२५० ॐ कल्कि क्लीं क्लीं कलि-कालुष्य निवारकाय नमः - कलिकाल की कालिमा को हटाने वाले
२५१ ॐ कल्कि हुं हुं हुंकारमात्र शत्रुनाशाय नमः - एक हुंकार से शत्रुओं का नाश करने वाले
२५२ ॐ कल्कि हूं हूं हर हर कल्कि भगवते नमः - हर हर की आवाज करने वाले कल्कि भगवान
२५३ ॐ कल्कि जूं जूं ज्वर हरणाय निष्कलंकाय नमः - ज्वर आदि रोग व्याधियों को दूर करने वाले
२५४ ॐ कल्कि सः सः भक्तगण सहायकाय नमः - भक्तों की सहायता करने वाले
२५५ ॐ कल्कि हां हां हरि ओम् हरि ओम् कल्कि भगवते नमः - हरि ओम की ध्वनि का विस्तार करने वाले

२५६ ॐ कल्कि श्रीं श्रीं अनन्त श्री कल्कि महाराजाय नमः - अनंत शोभावाले महाराजाओं के महासम्राट श्री कल्कि

२५७ ॐ कल्कि क्रीं क्रीं राक्षसमूलनाशाय नमः - राक्षसी शक्तियों का बीज नाश करने वाले

२५८ ॐ कल्कि क्रौं क्रौं राक्षसमूलनाशाय नमः - राक्षसों की जड़ उखाड़ने वाले

२५९ ॐ कल्कि ह्रौं ह्रौं हरये कल्कि नारायणाय नमः - तुरन्त नाम जप से दुःख हरने वाले कल्कि नारायण

२६० ॐ कल्कि प्रौं प्रौं ग्रहेशाय नमः - नव ग्रहों के स्वामी

२६१ ॐ कल्कि भद्रकाली-करालाय नमः - भद्रकाली की तलवार से भी अधिक कराल

२६२ ॐ कल्कि नक्षत्र ग्रहेशाय नमः - २७ नक्षत्रों के मालिक

२६३ ॐ कल्कि सार्व-भौमाय नमः - अखिल ब्रह्माण्ड के नायक

२६४ ॐ कल्कि कलि-धुन्ध-निवारणाय नमः - कलियुग की धुंध हटाने वाले

२६५ ॐ कल्कि शरणागत स्वामिने नमः - शरणागत भक्तों के स्वामी

२६६ ॐ कल्कि भक्त वत्सलाय नमः - भक्तों को प्यार करने वाले

२६७ ॐ कल्कि करूणा वरुणालयाय नमः – करुणा के सागर
२६८ ॐ कल्कि परम दयालवे नमः – दया के निधान
२६९ ॐ कल्कि कृपा निधानाय नमः – कृपा के निधान
२७० ॐ कल्कि पाप कुलध्वंसाय नमः – पापी कुल को मिटाने वाले
२७१ ॐ कल्कि गौ विप्र वेद रक्षकाय नमः – गौ वेद ब्राह्मण के रक्षक
२७२ ॐ कल्कि सहस्त्र भानु प्रकाशाय नमः – हजारों सूर्य के प्रकाश वाले
२७३ ॐ कल्कि सत्यशील ध्वजाय नमः – सत्य, शील की ध्वजा को फहराने वाले
२७४ ॐ कल्कि यशोवर्धनाय नमः – विश्व में यश को फैलाने वाले
२७५ ॐ कल्कि महा वीराय नमः – महान वीर
२७६ ॐ कल्कि शत्रुंजयाय नमः – शत्रुओं पर विजय प्राप्त करने वाले
२७७ ॐ कल्कि नामोच्चारण पवित्राय नमः – जिनके नाम के उच्चारण मात्र से पवित्रता होती है
२७८ ॐ कल्कि संकीर्तन प्रियाय नमः – भजन कीर्तन से खुश होने वाले
२७९ ॐ कल्कि रिद्धि सिद्धि पूजिताय नमः – रिद्धि सिद्धि द्वारा पूजित

२८० ॐ कल्कि महा-शून्य संगीताय नमः - महाशून्य में संगीत समान
२८१ ॐ कल्कि महा-नादाय नमः - महान् शब्द के समान
२८२ ॐ कल्कि विश्वम्भराय नमः - विश्व के पालन हार
२८३ ॐ कल्कि विश्वेश्वराय नमः - संसार के मालिक
२८४ ॐ कल्कि जगत्पतये नमः - जगत के एक मात्र स्वामी
२८५ ॐ कल्कि ध्रुवाय ध्रुव तमाय नमः - ध्रुव से भी अधिक ध्रुव
२८६ ॐ कल्कि हन् हन् दुष्टजन हन्त्रे नमः - दुष्ट जनों को मारने वाले
२८७ ॐ कल्कि फं फं शेषसहस्त्र फणाय नमः - शेषनाग के सहस्त्र फन वाले
२८८ ॐ कल्कि परमाणु भेदकाय नमः - परमाणु को तोड़ने वाले
२८९ ॐ कल्कि अणु विस्फोटकाय नमः - अणुओं का विस्फोट करने वाले
२९० ॐ कल्कि प्राणाय नमः - सब के प्राण (श्वांस) स्वरुप
२९१ ॐ कल्कि उदानाय नमः - सबके उदान वायु स्वरुप
२९२ ॐ कल्कि समानाय नमः - नाभि चक्र में रहने वाली समान वायु स्वरुप
२९३ ॐ कल्कि व्यानाय नमः - अंग अंग में बसने वाले

२९४ ॐ कल्कि सर्वस्वाय नमः - समस्त वैभवों के मालिक
२९५ ॐ कल्कि परात्पराय नमः - परे से परे -ब्रह्म से भी ऊपर
२९६ ॐ कल्कि अलंकरणाय नमः - महान आभूषण स्वरुप
२९७ ॐ कल्कि विध्वंसनाय नमः - विध्वंस स्वरूप
२९८ ॐ कल्कि शास्त्र प्रमाणाय नमः - शास्त्रों के प्रमाण स्वरुप
२९९ ॐ कल्कि प्रणत पालकाय नमः - शरणागत रक्षक
३०० ॐ कल्कि ब्रह्म समाधिने नमः - ब्रह्म को समाधिस्थ करने वाले
३०१ ॐ कल्कि अग्नीश्वराय नमः - अग्नि के साक्षी
३०२ ॐ कल्कि यज्ञ-नारायणाय नमः - यज्ञ नारायण भगवान स्वरुप
३०३ ॐ कल्कि भूत-नाथाय नमः - पंच महाभूतों के स्वामी
३०४ ॐ कल्कि भूत भावनाय नमः - पंच तत्व को बनाने वाले
३०५ ॐ कल्कि सृष्टि निर्माणाय नमः - सृष्टि के निर्माता
३०६ ॐ कल्कि सृष्टि समापनाय नमः - सृष्टि को समाप्त करने वाले
३०७ ॐ कल्कि वैया-करणाय नमः - व्याकरण शास्त्र के ज्ञाता

३०८ ॐ कल्कि महा-वेदांताय नमः - वेदांत से ऊपर
३०९ ॐ कल्कि महायोगिने नमः - महान योगी
३१० ॐ कल्कि प्रत्यक्षावगमाय नमः - प्रत्यक्ष अनुभव (स्वप्न, जागृत, वाणी व मानसिक) देने वाले
३११ ॐ कल्कि पुण्येश्वराय नमः - पुण्यों के ईश्वर
३१२ ॐ कल्कि तेजसोराशये नमः - तेजों की राशि
३१३ ॐ कल्कि शिरो मणये नमः - शिरोमणियों में श्रेष्ठ
३१४ ॐ कल्कि विश्वेश्वरेश्वराय नमः - विश्व के ईश्वरों के ईश्वर
३१५ ॐ कल्कि विश्व रूपाय नमः - विश्व के रूप देने वाले
३१६ ॐ कल्कि अनाद्यनन्ताय नमः - अनादि और अनन्त
३१७ ॐ कल्कि अग्नि दहनाय नमः - अग्नि को भी जला देने वाले
३१८ ॐ कल्कि व्यात्ता-ननाय नमः - मुख फैलाए हुए
३१९ ॐ कल्कि त्वरमाणाय नमः - शीघ्र गति वाले
३२० ॐ कल्कि समृद्ध वेगाय नमः - सर्वदा वेग धारण किये हुए

३२१ ॐ कल्कि लोक-क्षयाय नमः - लोकों में प्रलय कर सकने वाले
३२२ ॐ कल्कि आदि-कर्त्रे नमः - सृष्टि के आदि रचियता
३२३ ॐ कल्कि यमान्तकाय नमः - यमराज के भी यमराज
३२४ ॐ कल्कि कालान्तकाय नमः - समय की सीमा से बाहर वाले
३२५ ॐ कल्कि अनन्त वीर्याय नमः - अनन्त पराक्रम वाले
३२६ ॐ कल्कि अमितं विक्रमाय नमः - असीम गति वाले
३२७ ॐ कल्कि महा जनकाय नमः - सबके पिता
३२८ ॐ कल्कि अप्रतिम प्रभावाय नमः - अचिन्तनीय प्रभावशाली
३२९ ॐ कल्कि ईश्वरावतराय नमः - ईश्वरों को अवतार देने वाले
३३० ॐ कल्कि विश्वनिधानाय नमः - विश्व के प्राणों के खजाने
३३१ ॐ कल्कि निदानाय नमः - सब समस्याओं के समाधान करने वाले
३३२ ॐ कल्कि कलि कालज्वराय नमः - कलि के लिये तीव्र ज्वर स्वरूप
३३३ ॐ कल्क्रि समुद्र धन्वन्तरये नमः - समुद्र में धन्वन्तरी के समान
३३४ ॐ कल्कि सागर शोषणाय नमः - सागरों को सुखा देने वाले

३३५ ॐ कल्कि दयामृतवार्षिणे नमः – दया का अमृत बरसाने वाले
३३६ ॐ कल्कि आकाश गंगा केशाय नमः – आकाश गंगा जिनके केश के समान है
३३७ ॐ कल्कि सार्वभौम सनातनाय नमः – सार्वभौम सनातनधर्म स्वरूप
३३८ ॐ कल्कि राज राजेश्वराय नमः – राजा महाराजाओं के ईश्वर
३३९ ॐ कल्कि वेद चर्तुमुखाय नमः – वेदों के ब्रह्मा
३४० ॐ कल्कि यति सती शूर वल्लभाय नमः – यती, सती शूरवीर के परम प्रिय स्वामी
३४१ ॐ कल्कि परम-गुह्याय नमः – परम गोपनीय तथा अदृश्य
३४२ ॐ कल्कि महामहिम्ने नमः – महान महिमा वाले
३४३ ॐ कल्कि विभूति मते नमः – सब ऐश्वर्यों के नायक स्वरूप
३४४ ॐ कल्कि महा विभवाय नमः – महान ऐश्वर्य वाले
३४५ ॐ कल्कि गायत्री तेजसे नमः – गायत्री मंत्र में अपना तेज डालने वाले
३४६ ॐ कल्कि वज्रायुधाय नमः – वज्र अस्त्र धारण करने वाले
३४७ ॐ कल्कि वित्तेशाय नमः – समस्त धनों के स्वामी
३४८ ॐ कल्कि वरुणोत्तमाय नमः – वरुणों (जल देवता) में उत्तम

३४९ ॐ कल्कि कुबेर स्वामिने नमः - कुबेर के स्वामी
३५० ॐ कल्कि नक्षत्र पातनाय नमः - नक्षत्रों को गिरा देने की शक्ति वाले
३५१ ॐ कल्कि ग्रह-ग्रहणाय नमः - ग्रहों को वश में करने वाले
३५२ ॐ कल्कि आत्म स्वभाव स्थाय नमः - अपने स्वभाव के मालिक
३५३ ॐ कल्कि हृदय दीपाय नमः - हृदय में दीपक जलाने वाले
३५४ ॐ कल्कि ज्ञान दीपाय नमः - ज्ञान का दीपक जलाने वाले
३५५ ॐ कल्कि कर्म फल दाय नमः - सबको कर्मफल देने वाले
३५६ ॐ कल्कि सप्तऋषि गोत्र रक्षकाय नमः - सप्त ऋषियों के गोत्रों के रक्षक
३५७ ॐ कल्कि गणितेश्वराय नमः - गणित कर जनसंख्या पर नियंत्रण रखने वाले
३५८ ॐ कल्कि पाप मोचनाय नमः - पापों तथा पापियों से मुक्त करने वाले
३५९ ॐ कल्कि कलि दावाग्नये नमः - कलि की आग बुझाने वाले
३६० ॐ कल्कि योग संन्यासाय नमः - योग तथा संन्यास के स्वरुप
३६१ ॐ कल्कि त्रयी धर्माय नमः - धर्म, अर्थ, मोक्ष देने वाले
३६२ ॐ कल्कि योग क्षेम कराय नमः - सबकी जीविका चलाने वाले

३६३ ॐ कल्कि शब्द प्रमाणाय नमः – जिनके शब्द ही प्रमाण हैं
३६४ ॐ कल्कि आत्मोपदेशाय नमः – आत्मा को उपदेश देने वाले
३६५ ॐ कल्कि मधु निकुन्जाय नमः – बसंत ऋतु की तरह भक्तों को आनंदित करने वाले
३६६ ॐ कल्कि करतल विश्वाय नमः – हथेली में सारा संसार धारण करने वाले
३६७ ॐ कल्कि महाबीजाय नमः – समस्त बीजों के जन्म दाता
३६८ ॐ कल्कि सृष्टि बीजाय नमः – सृष्टि के आदि कारण
३६९ ॐ कल्कि साक्षिणे नमः – सबके साक्षी स्वरूप
३७० ॐ कल्कि साक्ष्याय नमः – सबके साक्ष्य (प्रमाण)
३७१ ॐ कल्कि शिवाय शिवतराय नमः – परम कल्याण शिव स्वरूप दाता
३७२ ॐ कल्कि न्यायेश्वराय नमः – न्याय के ईश्वर
३७३ ॐ कल्कि महाप्रभावाय नमः – प्रभावों के प्रभाव
३७४ ॐ कल्कि निधानाय नमः – धनों के धन
३७५ ॐ कल्कि पितामह पितामहाय नमः – पूर्वजों के भी पूर्वज
३७६ ॐ कल्कि शरण सुखदाय नमः – शरणागत को सुख प्रदान करने वाले

३७७ ॐ कल्कि अपरा जिताय नमः - हार नहीं मानने वाले
३७८ ॐ कल्कि आसुरी बीज नाशाय नमः - आसुरी शक्ति के बीज को नाश करने वाले
३७९ ॐ कल्कि दैवी सम्पत् प्रणवाय नमः - दैवी संपदा को बचाने वाले
३८० ॐ कल्कि प्रकृती श्वराय नमः - प्रकृति के स्वामी
३८१ ॐ कल्कि दैवी संसद अध्यक्षाय नमः - दैवी संसद के अध्यक्ष
३८२ ॐ कल्कि भृकुटि-वक्राय नमः - तनी भौंहे वाले
३८३ ॐ कल्कि ब्रह्मेशाय नमः - ब्रह्मा के ईश्वर
३८४ ॐ कल्कि शेष विशेषाय नमः - शेषनाग को बल देने वाले
३८५ ॐ कल्कि अव्यक्त व्यक्तये नमः - गुप्त से गुप्त को प्रकट करने वाले
३८६ ॐ कल्कि व्यक्ता-व्यक्ताय नमः - साकार और निराकार रूप वाले
३८७ ॐ कल्कि अचिन्त्य रूपाय नमः - अवर्णनीय स्वरूप वाले
३८८ ॐ कल्कि महा-स्वरूपाय नमः - महान स्वरूप वाले
३८९ ॐ कल्कि आदित्य वर्णाय नमः - सूर्य के समान छवि वाले
३९० ॐ कल्कि ज्वलत् केवलाय नमः - प्रकाशमान शरीर वाले

३९१ ॐ कल्कि अधि-दैवाय नमः - देवताओं को वश में करने वाले
३९२ ॐ कल्कि स्व राज्याय नमः - अपना राज्य स्थापित करने वाले
३९३ ॐ कल्कि स्व साम्राज्याय नमः - विश्व में अपना साम्राज्य स्थापित करने वाले
३९४ ॐ कल्कि धर्म साम्राज्याय नमः - धर्म का साम्राज्य स्थापित करने वाले
३९५ ॐ कल्कि अधि-यज्ञाय नमः - यज्ञों में सहायता करने वाले
३९६ ॐ कल्कि अधि-भूताय नमः - समस्त जड़-चेतन के स्वामी
३९७ ॐ कल्कि हिरण्य-गर्भाय नमः - सब तेजों के पूंज के समान
३९८ ॐ कल्कि अधिकृत-शक्तये नमः - सब शक्तियों के अधिकारी
३९९ ॐ कल्कि योगमाया प्रकाशाय नमः - योगमाया को प्रकाश देने वाले
४०० ॐ कल्कि महा वासुदेवाय नमः - वासुदेव के भी वासुदेव
४०१ ॐ कल्कि दुष्ट-बीज-मर्दनाय नमः - दुष्टों के बीज नाशक
४०२ ॐ कल्कि प्रमथ नाथाय नमः - कामदेव के स्वामी
४०३ ॐ कल्कि अनाथ नाथाय नमः - अनाथों के नाथ
४०४ ॐ कल्कि शशि सूर्य धराय नमः - चन्द्र और सूर्य को धारण करने वाले

४०५ ॐ कल्कि शब्द ब्रह्मात्मने नमः - शब्द ब्रह्म के स्वरूप
४०६ ॐ कल्कि योग-संसिद्धाय नमः - योग में पूर्ण सिद्ध
४०७ ॐ कल्कि महा परमात्मने नमः - महान परमात्मा
४०८ ॐ कल्कि वात निग्रहणाय नमः - वायु को नियंत्रित करने वाले
४०९ ॐ कल्कि सर्व भूतस्थिताय नमः - समस्त प्राणियों में स्थित
४१० ॐ कल्कि सूर्याश्व प्रग्रहाय नमः - सूर्य के सभी घोड़ों की ताकत अपने घोड़े में समा लेने वाले
४११ ॐ कल्कि नवधा भक्ति प्रसादाय नमः - नवधा भक्ति से प्रसन्न होने वाले
४१२ ॐ कल्कि ज्ञान विज्ञानात्मने नमः - ज्ञान और विज्ञान सम्भालने वाले
४१३ ॐ कल्कि प्रशान्त तनवे नमः - अत्यंत शांति स्वरूप शरीर वाले
४१४ ॐ कल्कि दुष्टनाशसंकल्पाय नमः - दुष्टों के नाश का संकल्प करने वाले
४१५ ॐ कल्कि भूसुर मूर्तये नमः - श्रेष्ठ ब्राह्मण कुल में जन्म लेने वाले
४१६ ॐ कल्कि गरीयसे नमः - अणिमा, गरिमा इत्यादि अष्ट सिद्धियों के स्वामी
४१७ ॐ कल्कि महत्तत्वाय नमः - सबसे बड़े तत्व वाले

४१८ ॐ कल्कि कलिदल नाशिने नमः - कलि के परिवार के नाशक
४१९ ॐ कल्कि धन्या स्पदाय नमः - अपनी चरणधूली से भक्तों को धन्य करने वाले
४२० ॐ कल्कि प्राति पदिकाय नमः - अक्षरों के निर्माता
४२१ ॐ कल्कि द्यावा पृथ्वी-धराय नमः - आकाश धरती के धारक
४२२ ॐ कल्कि धर्म-पूताय नमः - धर्म स्वरूप रक्षक
४२३ ॐ कल्कि धर्म-युद्धाय नमः - धर्म युद्ध करने वाले
४२४ ॐ ॐ कल्कि कारण-कारणाय नमः - कारणों के भी कारण
४२५ ॐ कल्कि रोम हर्षणाय नमः - रोम रोम को प्रसन्न करने वाले
४२६ ॐ कल्कि रत्न-गर्भे-श्वराय नमः - धरती को रत्न गर्भा बनाने वाले
४२७ ॐ कल्कि कार्या-कार्य-प्रमाणाय नमः - कार्यों के कारण को भी प्रमाणित करने वाले
४२८ ॐ कल्कि अभयाय नमः - अभय देने वाले
४२९ ॐ कल्कि प्राण प्रदाय नमः - प्राण प्रदान करने वाले
४३० ॐ कल्कि सम्पूर्ण कलावताराय नमः - संपूर्ण कलाओं के अवतार
४३१ ॐ कल्कि आकाश भेदनाय नमः - आकाश का भी भेदन करने वाले

४३२ ॐ कल्कि महा मेघाय नमः - मेघों के भी महामेघ
४३३ ॐ कल्कि पर्जन्याय नमः - अन्न उत्पन्न करने वाले
४३४ ॐ कल्कि विद्युत् स्फुलिंगाय नमः - बिजली की तरह चिंगारी वाले
४३५ ॐ कल्कि घन-गर्जिताय नमः - बादलों की तरह गरजने वाले
४३६ ॐ कल्कि यमान्त काराय नमः - यमराज को बदलने वाले
४३७ ॐ कल्कि धर्मराज-निर्देशाय नमः - धर्मराज को आदेश देने वाले
४३८ ॐ कल्कि वक्र-दृष्टये नमः - टेढ़ी नजर वाले
४३९ ॐ कल्कि शुभ दृष्टये नमः - कल्याणकारी दृष्टि वाले
४४० ॐ कल्कि दिव्य-दृष्टये नमः - दिव्य दृष्टि वाले
४४१ ॐ कल्कि दूरंगम दृष्टये नमः - दूर दृष्टि वाले
४४२ ॐ कल्कि तमसो-ज्योति-र्गमये नमः - अंधेरे में उजाला फैलाने वाले
४४३ ॐ कल्कि पातकी पातनाय नमः - पापियों का पतन करने वाले
४४४ ॐ कल्कि दुष्टोच्चाटनाय नमः - दुष्टों का उच्चाटन करने वाले
४४५ ॐ कल्कि महा मंत्रे-श्वराय नमः - महा मंत्रों के ईश्वर

४४६ ॐ कल्कि महा तंत्रे-श्वराय नमः - महा तंत्रों के ईश्वर
४४७ ॐ कल्कि महा यंत्रे-श्वराय नमः - महा यंत्रों के ईश्वर
४४८ ॐ कल्कि महाकाल कवलाय नमः - महाकाल को ग्रास करने वाले
४४९ ॐ कल्कि महापातक नाशाय नमः - महापातक को नष्ट करने वाले
४५० ॐ कल्कि आधार-तमाय नमः - सबको आधार देने वाले
४५१ ॐ कल्कि कालरात्रि-प्रबोधाय नमः - कालरात्रि को जगाने वाले
४५२ ॐ कल्कि चंडमुंड हराय नमः - चंडमुंड को मारने वाले
४५३ ॐ कल्कि संसार पाराय नमः - भवसागर पार कराने वाले
४५४ ॐ कल्कि कलि प्रवेश रोधाय नमः - कलि काल का प्रवेश रोकने वाले
४५५ ॐ कल्कि कलि कलुष हराय नमः - कलि से जन्मी मलीनता को दूर करने वाले
४५६ ॐ कल्कि हस्त-धृत-खड्गाय नमः - हाथ में तलवार धारण करने वाले
४५७ ॐ कल्कि विद्या निवासाय नमः - सब विद्याओं में निवास करने वाले
४५८ ॐ कल्कि कलि ग्रीवा-भंजनाय नमः - कलि की गर्दन मरोड़ देने वाले
४५९ ॐ कल्कि कलि वक्षो भेदनाय नमः - कलि का कलेजा चीरने वाले

४६० ॐ कल्कि कलि नेत्र स्फोटकाय नमः - कलि की आँख फोड़ने वाले
४६१ ॐ कल्कि जगद् वैद्यनाथाय नमः - संसार के वैद्यों के स्वामी
४६२ ॐ कल्कि कलि पाद त्रोटनाय नमः - कलि काल के पैर तोड़ने वाले
४६३ ॐ कल्कि कलि मारकाय नमः - कलि काल को मारने वाले
४६४ ॐ कल्कि कलि दम्भ विनाशाय नमः - कलि के पाखण्ड को नाश करने वाले
४६५ ॐ कल्कि कलि प्रभाव नाशाय नमः - कलिकाल का प्रभाव नाश करने वाले
४६६ ॐ कल्कि कलि पातनाय नमः - कलि काल का पतन करने वाले
४६७ ॐ कल्कि धर्म-गम्याय नमः - धर्म के द्वारा प्राप्त होने वाले
४६८ ॐ कल्कि भक्ति गम्याय नमः - भक्ति द्वारा प्रत्यक्ष दर्शन देने वाले
४६९ ॐ कल्कि भक्ति लम्याय नमः - भक्ति के द्वारा प्राप्त होने वाले
४७० ॐ कल्कि भक्ति प्रसन्नाय नमः - भक्ति से प्रसन्न होने वाले
४७१ ॐ कल्कि भक्ति साध्याय नमः - भक्ति से सिद्ध होने वाले
